हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 13 मई 2026

12 जल निकासी के प्रबंध समय से करें, नहीं सुना जाएगा...



12 साधकों ने शिविर में सीखे मन को शांत रखने के...



## खबर संक्षेप

### फोटोग्राफर की बाइक चुराने का आरोपी काबू

**हिसार।** पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी मोनू गांव गोगा खेड़ी का रहने वाला है और हाल में महावीर कॉलोनी में रहता है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। हांसी के कुन्दनापुर निवासी रोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह 10 मई की रात को महावीर कॉलोनी में एक शादी समारोह में फोटोग्राफी करने गया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल बाला जी वाटिका के गेट के सामने खड़ी की थी। रात को जब वह वापस आया तो उसने देखा तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। पुलिस टीम ने मामले की जांच करते हुए आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी मोनू पर पहले भी चोरी का एक मुकदमा दर्ज है।

### खेत से मोटर व तार चुराने के दो आरोपी हत्थे चढ़े

**हिसार।** पुलिस ने खेत से सोलर मोटर और तार चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है। आरोपियों की पहचान पनिहारी गांव निवासी राजेंद्र व साहिल के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता ज्ञानपुरा के मनोज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 10 मई को जब वह अपने खेत में गया, तो वहां से सोलर मोनोब्लॉक मोटर और करीब 20 फीट बिजली की तार गायब मिली। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने जांच शुरू की और गांव पनिहारी के रहने वाले राजेंद्र और साहिल को काबू किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी राजेंद्र के खिलाफ पहले भी विभिन्न थानों में चोरी के लगभग 5 मुकदमे दर्ज हैं।

### मंदिर में चोरी करने के आरोपी को जेल भेजा

**बरवाला।** पुलिस ने गांव बाडोपट्टी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में हुई चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी बाडोपट्टी का बलवान है। शिकायतकर्ता अमृत वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 मई की सुबह लगभग तीन बजे गांव के राधा कृष्ण मंदिर में चोरी की घटना हुई थी। मंदिर से चांदी की बांसुरी, दो मालाएं और कुछ नगदी चोरी कर ली गई थी। घटना के बाद जब सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, तो उसमें दो व्यक्ति चोरी करते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी बलवान काबू कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अदालत ने जेल भेजा छेड़छाड़ का आरोपी

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस द्वारा छेड़छाड़ व पोक्सो एक्ट के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। इस सम्बन्ध में पीएसआई नवीन मलिक ने बताया कि 21 अप्रैल को पीड़िता की मां के बयान पर मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान आर्य नगर के छलूराम के रुप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सरेआम सट्टा खाईवाली करने पर एक दबोचा

**हांसी।** सीआईए-1 हांसी की टीम ने सरेआम सट्टा खाईवाली करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भिवानी के ढाणी कैशला निवासी अजय के रूप में हुई है। एएसआई राजेंद्र ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व अपराध जांच के दौरान सूचना मिली थी कि ढाणी कैशला निवासी अजय, नई ऑटो मार्केट हांसी में सट्टा खाईवाली का अवैध धंधा कर रहा है। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को काबू कर उससे सट्टा पर्चा पैड, एक बॉल पैन तथा 52,200 की नकदी बरामद हुई।

# हड़ताली कर्मचारियों ने निकाली सीएम व निकाय मंत्री के पुतलों की शव यात्रा

## शहर में जगह-जगह लगे हैं कचरे के ढेर प्लास्टिक की थैलियों में सड़ रहा है कूड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

12 दिन से हड़ताल करक रहे सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को शहर में प्रदर्शन किया। नगर निगम से मुख्यमंत्री तथा निकाय मंत्री के पुतले की शव यात्रा निकाली और फव्वारा चौक पर जाकर इन्हें आग लगा दी। महिला सफाई कर्मियों ने शव जलाकर चारों तरफ परिक्रमा की। कर्मचारियों ने ऐलान किया है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएंगी, वे आंदोलन जारी रखेंगे। हड़ताल के समर्थन में बुधवार को सर्व कर्मचारी संघ खंड स्तर पर प्रदर्शन करेगा। हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि हड़ताल के 12 दिन बीतने के बाद भी अब तक उन्हें बातचीत के लिए नहीं बुलाया है। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर में सड़कों से लेकर घरों तक 2500 टन से अधिक कचरा जमा हो चुका है।

### रात को हड़ताली कर्मचारी करते हैं कचरे की चौकसी

*कर्मचारियों का कहना है कि निगम प्रशासन पुलिस की मदद से कचरा उठवाने का प्रयास कर सकता है। इसे रोकने के लिए कर्मचारी आठ प्रमुख कचरा स्थलों पर रात में भी डटे हुए हैं। कर्मचारी चार-चार घंटे की शिफ्ट में निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा यूनियन पदाधिकारी राजगुरु मार्केट, भगत सिंह मार्केट, बरवाला चुंगी, आजाद नगर और पटेल नगर में पंपलेट बांटेंगे और माइक के माध्यम से लोगों को अपनी मांगों की जानकारी देंगे। लोगों से जनसमर्थन की अपील की जाएगी।*



### जानिए...किन मांगों को लेकर 12 दिन से जारी है कर्मचारियों की हड़ताल

*हड़ताली कर्मचारियों की मांगों में कच्चे, अनुबंधित और आउटसोर्स कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर पक्का करने, समान काम के लिए समान वेतन और बकाया एरियर का भुगतान करने, ठेका प्रथा खत्म कर कर्मचारियों को विभागीय रोल पर लेने, सफाई और सीवरेज कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपए करने, सभी कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल सुविधा और अन्य भत्ते देने, खाली पदों पर स्थायी भर्ती और नए पद सृजित करने, फायर विभाग के मृत कर्मचारियों के परिवार को मुआवजा और आश्रित को नौकरी देने, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, जोखिम भत्ते और अन्य सुविधाएं बढ़ाने आदि मांगें शामिल हैं।*

### अधिवक्ताओं ने एडीसी को सौंपा ज्ञापन

हिसार। शहर में लंबे समय से जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल अब आमजन के लिए परेशानी का बड़ा कारण बनती जा रही है। जगह-जगह लगे कचरे के ढेर और बदहाल सफाई व्यवस्था के बीच बीमारियां फैलने की आशंका को लेकर जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को प्रशासन के समक्ष चिंता जताई। अधिवक्ताओं ने अतिरिक्त उपायुक्त से मुलाकात कर जिला मजिस्ट्रेट के नाम ज्ञापन सौंपते हुए हड़ताल का जल्द समाधान निकालने और शहर में तुरंत सफाई व्यवस्था बहाल करवाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में एडवोकेट आरके भनोट, एडवोकेट नरेश गोयल, एडवोकेट सोमदत्त शर्मा, अश्विनी आर्य सहित अन्य अधिवक्ताओं ने कहा कि शहर के बाजारों, कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थानों पर कई दिनों से कचरा जमा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। बढ़ती गर्मी के बीच गंदगी के कारण डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।



# बडाला में खूनी संघर्ष

# साढ़े 18 एकड़ जमीन के लिए दो गुटों में फायरिंग, 4 को लगी गोली

## झगड़े में एक अन्य युवक भी घायल हुआ है। इस विवाद के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने इस मामले में विकास उर्फ विक्की को उसके लाइसेंसी पिस्तौल के साथ हिरासत में लिया है। एसपी के अनुसार विकास उर्फ विक्की ने खुद अपने पैर में गोली मारी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी/नारनौंद

नारनौंद क्षेत्र के बडाला गांव में मंगलवार को जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत की जुताई को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट और फायरिंग शुरू हो गई। गोली लगने से चार लोग घायल हो गए, जबकि एक युवक झड़प में घायल हो गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गांव में सुरक्षा बढ़ा दी है। घायलों को उपचार के लिए पीजीआई रोहतक सहित अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस ने विकास उर्फ विक्की को उसके लाइसेंसी पिस्तौल के साथ हिरासत में लिया है। पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही हैं। डीएसपी रविंद्र सांगवान और सीन ऑफ क्राइम टीम ने भी घटनास्थल का दौरा कर जांच की।

जानकारी के अनुसार, हांसी जिले के बडाला गांव में करीब 18.5 एकड़ जमीन को लेकर लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा है। रोहतक निवासी कश्मीर लाल, जो पिछले कई वर्षों से अपने मामा के गांव बडाला में रहकर खेती कर रहे हैं, मंगलवार सुबह अपने साथियों के साथ खेत की जुताई करने पहुंचे थे। उन्होंने यह जमीन सतबीर को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से ठेके पर दी हुई थी, जिसका विकास उर्फ विक्की विरोध कर रहा था।

बताया जा रहा है कि 3 मई को भी इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था और पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मंगलवार सुबह विक्की और उसके साथियों ने जमीन पर अपना दावा जताते हुए जुताई का विरोध किया। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों ओर से फायरिंग हुई, लाठी-डंडे चले और एक गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई। बडाला निवासी तेजबीर की पीठ में दो गोलियां लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया है। वहीं, सोनीपत जिले के बटाना गांव निवासी पवन कुमार की बाजू में गोली लगी, जबकि रोहतक निवासी आदित्य सहारण भी गोली लगने से घायल हो गया। दूसरे पक्ष से विकास उर्फ विक्की के पैर में गोली लगी।

उसे पहले नारनौंद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में हालत गंभीर होने पर हिसार रेफर कर दिया गया। उसका भतीजा भी झड़प में घायल हुआ है।









नारनौंद। बडाला में छानबीन करती पुलिस, विक्की के मकान की टूटे हुए शीशे व हांसी नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन घायल।

### पहले भी हो चुका विवाद

बताया जा रहा है कि जमीन को लेकर इससे पहले भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हो चुका था। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बास थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा हालात पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, विकास उर्फ विक्की फौज में नौकरी कर चुका है। उसी दौरान उसने पिस्तौल का लाइसेंस बनवाया था। दावा किया जा रहा है कि घटना के दौरान उसी लाइसेंसी पिस्तौल से फायरिंग की गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है। बास थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि जमीनी विवाद में फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले की जांच जारी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बरवाला में ईंट-भट्टे पर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**बरवाला।** ईंट-भट्ठे पर हुई हत्या में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बड्डो पट्टी निवासी धन सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में सुरेंद्र निवासी बाबेरू, जिला बांदा, यूपी ने बताया कि वह और उसका परिवार गांव बड्डो पट्टी स्थित एक ईंट भट्ठा पर मजदूरी का काम करते हैं। गत एक मई को उसका लड़का सोनू, अपने दोस्त जयसिंह को उसकी झुग्गी में छोड़ने गया था। वहां पहले से शराब पी रहे आरोपी धन सिंह के साथ सोनू की कहासुनी हो गई।

आवेश में आकर आरोपी धन सिंह ने अपनी झुग्गी से कस्सी निकालकर जान से मारने की नीयत से सोनू के सिर पर वार कर दिया। जब जयसिंह उसे बचाने आया तो आरोपी ने उसे भी चोटें पहुंचाईं। शोर सुनकर आसपास के मजदूरों के इकट्ठा होने पर आरोपी धन सिंह जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में सोनू को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया था, जहां बाद में उसकी मौत हो गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी धन सिंह को काबू कर गिरफ्तार कर लिया है।

# जगान में जलघर के टैंक से मिला महिला का शव

- जांच में जुटी पुलिस, शव को पोस्टमार्टम के लिए अग्रोहा मेडिकल में रखवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के अग्रोहा थाना क्षेत्र के गांव जगान में महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। गांव के ही जलघर के टैंक में 45 वर्षीय महिला का शव दिखा। मृतका की पहचान जगान निवासी सरोज के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज के शवगृह में रखवा दिया है।

जानकारी के अनुसार जब वाटर वर्क्स का कर्मचारी रूटीन चेकअप के लिए सोमवार देर सायं टैंक के पास गया तो उसकी नजर किनारे पर लावारिस हालत में पड़ी महिला की चप्पलों और चुन्नी पर पड़ी। अनहोनी की आशंका के चलते जब उसने टैंक के अंदर झांका तो वहां महिला का शव पानी में दिखा। कर्मचारी ने तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों और पुलिस को दी। मृतका सरोज के परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य है। उसका पति कृष्ण गांव में ही छोटी वेल्डिंग मशीन से कामकाज कर परिवार का गुजारा करता है। सरोज के दो बच्चे हैं, जिनमें बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है जबकि 22 वर्षीय बेटा गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में कार्यरत है। घर पर फिलहाल पति-पत्नी ही रहते थे। सूचना मिलते ही अग्रोहा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 2.73 किलो अफीम के साथ दो अंतरराज्यीय नशा तस्कर पकड़े

**हिसार।** जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए टीम ने दो अंतरराज्यीय नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 727 ग्राम अफीम बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये कीमत बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान झारखंड निवासी शिवदयाल कुमार यादव व मुरैना जिला निवासी अकलेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार के बताया कि सीआईए स्टाफ हिसार की टीम गश्त व अपराध जांच के दौरान अग्रोहा मोड़ स्थित झीडी पुल क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि झारखंड निवासी दो युवक झीडी पुल के पास भारी मात्रा में अफीम लेकर घूम रहे हैं और इसे बेचने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए झीडी पुल स्थित लाले दा ढाबा के पास घेराबंदी कर रेड की। पुलिस टीम को देखकर दोनों आरोपियों ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम की सतर्कता और मुस्तैदी के चलते उन्हें काबू कर लिया गया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से कुल 2 किलो 727 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी अफीम कहां से लेकर आए थे और हिसार व आसपास के क्षेत्रों में इसकी सप्लाई किन लोगों तक की जानी थी। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की भी पहचान की जा रही है।

# आजाद नगर में पेयजल संकट, महिलाएं सड़क पर

- समस्या का समाधान नहीं होने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी, एक्सईएन ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के बैनर तले आजाद नगर की महिलाओं ने मंगलवार को अमर विहार कॉलोनी फेज-3 में पेयजल संकट को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने विभाग और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द समाधान की मांग उठाई।

महिला प्रधान दर्शना ओला के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में महिलाओं ने आरोप लगाया कि कॉलोनी में लंबे समय से पीने के पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोगों को अपनी जेब से पैसे खर्च कर निजी टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। दर्शना ओला ने कहा कि सरकार और विभाग द्वारा हर घर तक पानी पहुंचाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। उन्होंने कहा कि केवल कागजी दावों से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को मौके पर आकर वास्तविक स्थिति देखनी चाहिए।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने नगर निगम पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि टैक्स की वसूली समय पर की जाती है, लेकिन जब जनता को सुविधाएं देने की बात आती है तो प्रशासन गंभीर नजर नहीं आता। महिलाओं ने बताया कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए विभाग के एक्सईएन द्वारा बुधवार को बैठक बुलाकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया है।

इस दौरान दर्शना ओला ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कॉलोनीवासी बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में कृष्ण रेढ़ू, सरोज श्योराण, गुड्डी धनखड़, सुदेश सुरा, सहनेतला बैनीवाल, सुशीला कोहड़, ऋतु ढाका, प्रियंका सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।



हिसार। जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में प्रदर्शन करती महिलाएं।

**मतगणना** आज खुलेगा नगर पालिका चुनाव का पिटारा, सोनिया बत्रा के वोट बिगाड़ सकते हैं समीकरण

# निकिता गोयल व रीमा सोनी के बीच कांटे की टक्कर के चर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

नगर पालिका उकलाना चुनाव के परिणामों को लेकर पूरे शहर की नजरें अब 13 मई को होने वाली मतगणना पर टिकी हुई हैं। रविवार को हुए शांतिपूर्ण मतदान के बाद सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो चुका है और अब बुधवार सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना चार राउंड में होगी। पहले राउंड में वार्ड नंबर 1 से 4, दूसरे राउंड में 5 से 8, तीसरे राउंड में 9 से 12 तथा चौथे और अंतिम राउंड में 13 से 16 वार्डों की मतगणना की जाएगी। दोपहर से पहले ही नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों की तस्वीर साफ होने की संभावना है। चुनाव परिणाम को लेकर शहर के बाजारों, चौपालों और गलियों में चर्चाओं का दौर लगातार जारी है।

नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल और निर्दलीय प्रत्याशी रीमा सोनी के बीच माना जा रहा है। दोनों प्रत्याशियों के समर्थक अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।

वहीं राजनीतिक जानकारों का मानना है कि हाथ घड़ी चुनाव चिन्ह पर मैदान में उतरी सोनिया बत्रा को जितने अधिक वोट मिलेंगे, उससे अन्य प्रत्याशियों के समीकरण बिगड़ने की संभावना बढ़ सकती है।

### चार राउंड में होगी मतगणना

पहले राउंड में वार्ड नंबर 1 से 4, दूसरे राउंड में 5 से 8, तीसरे राउंड में 9 से 12 और चौथे व अंतिम राउंड में 13 से 16 वार्डों की मतगणना की जाएगी।



उकलाना। मतगणना केंद्र पर बाहर तैनात पुलिस।

### सभी तैयारियां पूरी : एसडीएम

चुनाव अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी अशवीर नैन ने बताया कि मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए डीएसपी सहित भारी पुलिस बल तैनात रहेगा तथा पांच ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाई जाएगी।

### कुल 57 प्रत्याशी आजमा रहे हैं किस्मत

नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कुल 4 प्रत्याशी मैदान में हैं, जबकि 16 वार्डों में पार्षद पद के लिए कुल 53 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वार्ड नंबर 7 से अभेराम मंगला निर्विरोध चुने जा चुके हैं, जबकि अन्य वार्डों में मुकाबला रोचक बना हुआ है। वार्ड नंबर 13 और 14 में सबसे अधिक प्रत्याशी मैदान में होने के कारण वहां मुकाबला ज्यादा दिलचस्प माना जा रहा है। बता दें कि नगर पालिका चुनाव में कुल 15 हजार 507 मतदाताओं में से 11 हजार 744 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। कुल मतदान 75.73 प्रतिशत दर्ज किया गया।

### मतलोढा की मंजू विज्ञान संकाय में प्रदेशभर में तीसरे स्थान पर

**बरवाला।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मतलोढा की छात्रा मंजू पुत्री वीरेन्द्र गांव मतलोढा ने विज्ञान संकाय में 500 अंक में से 492 अंक प्राप्त करके पूरे हरियाणा प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल करके अपने विद्यालय, माता -पिता, गांव व पूरे बरवाला क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा मंजू की इस उपलब्धि पर विद्यालय निदेशक राजेन्द्र अत्री, विद्यालय के चेयरमैन प्रेमचन्द शर्मा व विद्यालय उपनिदेशिका अनिता मलिक ने बेटी, उसके माता - पिता व पूरे स्कूल स्टॉफ को बधाई दी। विद्यालय निदेशक राजेन्द्र अत्री ने कहा कि ये परिणाम बेटी, उसके अभिभावकों व विद्यालय के सामूहिक प्रयासों का फल है। ग्रामीण आंचल में बने इस विद्यालय ने हर साल की भांति इस साल भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस विद्यालय ने हर साल टॉप करने की आदत सी बना ली।






# भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे रणवीर...

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपनी फिल्मों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। वह एक प्रसिद्ध लेखक की शिव त्रयी (मेलुहा के अमर श्रृंखला) पर बनी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर भगवान शिव का किरदार निभाएंगे रणवीर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मां कसम फिल्म्स के जरिए 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह किताब और इसके दो सीक्वल प्राचीन मेलुहा राज्य में एक हिमालयी योद्धा की कहानी बताते हैं। रणवीर ने बिरला स्टूडियोज के साथ मिलकर इस कहानी को तीन बड़ी फिल्मों की श्रृंखला (त्रयी) के रूप में बनाने की योजना बनाई है। रणवीर काफी समय से इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर लाना चाहते थे।



लाइफ Style

# प्रियंका

## मीरा की फिल्म अमरी में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रसिद्ध निर्देशक और निर्माता मीरा नायर अपनी नई फिल्म 'अमरी' लेकर आ रही हैं। यह फिल्म भारत की मशहूर पेंटर के जीवन और उनकी कला पर आधारित है। डॉक्यूमेंट्री फिल्मों से अपने निर्देशन कॅरियर की शुरुआत करने वाली मीरा नायर अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं।

इस फिल्म का नाम है 'अमरी'। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और जयदीप अहलावत के अलावा भी कई कलाकाल महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। मीरा नायर की नई फिल्म 'अमरी' में मुख्य भूमिका में अंजलि शिवरामन अमृता शेर-गिल का किरदार निभाएंगी। एमिली वॉटसन उनकी मां मैरी-एंटोनेट का रोल करेंगी। जयदीप अहलावत उनके पिता उमराव सिंह शेर-गिल के किरदार में नजर आएंगे। क्रिस्टियन साकवारी विक्टर ईगन के रूप में नजर आएंगी। अंजना वासन इंदिरा शेर-गिल के रूप में और जिम सरभ कार्ल खंडालावाला के रूप में नजर आएंगे। इन सभी के अलावा प्रियंका चोपड़ा मैडम अजूरी के रोल में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। मंगलवार को मीरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी नई फिल्म 'अमरी' का पहला लुक जारी किया है। अमृता शेर-गिल की कला ने मीरा नायर को बहुत प्रभावित किया है। एएनआई के अनुसार मीरा ने कहा, ''अमरी' अमृता शेर-गिल की कला से प्रेरित है। उन्होंने यूरोप में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर भारत की आत्मा को अपनी पेंटिंग में उतारा। उनके रंगों की हिम्मत और आम लोगों को चित्रित करने का तरीका मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है।'

हॉलीवुड मसाला



# वन लाइफ... से मिली पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** 'वन लाइफ टू लिव' और 'हाउ टू सरवाइव अ मैरिज' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री जेनिफर हरमन का निधन हो गया है। जेनिफर ने 82 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। जेनिफर हरमन लोकप्रिय टीवी शो 'वन लाइफ टू लिव' में 'कैथी' का किरदार निभाने के लिए जानी जाती थीं। वह इस भूमिका को निभाने वाली पांचवीं अभिनेत्री थीं। उन्होंने 1976 से 1978 तक यह रोल किया और इसके लिए डे-टाइम एमी अवॉर्ड के लिए नामांकन भी मिला था। इससे पहले उन्होंने 1974-75 में एनबीसी के शो 'हाउ टू सरवाइव ए मैरिज' में मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।



# ब्रिटनी को हुई एक दिन की जेल, कबूला जुर्म

**लॉस एंजिल्स।** प्रिंसेस ऑफ पॉप कही जाने वाली अमेरिकन सिंगर-परफॉर्मर ब्रिटनी स्पीयर्स एक कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। ब्रिटनी ने साउथ कैलिफोर्निया में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले से जुड़े कम गंभीर आरोप में अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद सिंगर को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन के जेल की सजा सुनाई गई है।ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने वकील माइकल ए गोल्डस्टीन के जरिए वेंचुरा काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अपना जुर्म कबूल किया। स्पीयर्स सुनवाई में मौजूद नहीं थीं, उनके वकील ने उनका प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वेंचुरा काउंटी कमिश्नर मैथ्यू नेमरसन ने ब्रिटनी स्पीयर्स को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन की जेल की सजा सुनाई। उन्हें जरूरी जुर्माना भरने, राज्य द्वारा निर्धारित तीन महीने के ड्राइविंग अंडर इन्फ्लुएंस एजुकेशन प्रोग्राम को पूरा करने का भी आदेश दिया।



# महाकालेश्वर पहुंचीं तमन्ना आरती में दिखीं लीन

**मुंबई।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार को महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने उज्जैन के महाकालेश्वर में भस्म आरती में भाग लिया और प्रार्थना की। इस दौरान तमन्ना पूरी तरह से महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने अनुभव को भावपूर्ण और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर बताया। उन्होंने कहा, 'इस स्थान पर तभी जाया जा सकता है, जब खुद महाकाल का बुलावा आता है। सभी के साथ बैठकर भस्म आरती देखने का मौका मिलना अपने आप में एक खास अनुभव है। यह एक ऐसा एहसास जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। यहां आकर मन को शांति मिलती है और अंदर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। यहां एक ऐसी ऊर्जा है, जिसे सबके साथ बैठकर महसूस करना वाकई आनंदित करता है। यहां आना मेरा सौभाग्य है।'



# वकील की भूमिका में होंगी सोनाक्षी...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एक कोर्टरूम ड्रामा के साथ वापसी कर रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर मंगलवार जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में सोनाक्षी एक वकील की भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर सत्ता, महत्वाकांक्षा और न्याय के टकराव की एक रोमांचक कानूनी लड़ाई की झलक दिखाता है। सिस्टम 22 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। 2 मिनट के इस ट्रेलर की शुरुआत सोनाक्षी के किरदार नेहा से होती है। नेहा एक दृढ़ निश्चयी युवा वकील है और अपने पिता की लॉ फर्म में पार्टनर बनने के लिए खुद को योग्य साबित करने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पिता (आशुतोष गोवारिकर) उसे एक कठिन केस लेने की चुनौती देते हैं। अपनी लड़ाई को मजबूत करने के लिए, नेहा सारिका (ज्योतिका) को अपने साथ लाती है।

टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी में स्टंट करने में मेरी हालत होगी खराब...

**नई दिल्ली।** टीवी पर हमेशा हंसते, दूसरों को सहज महसूस कराते और हर मुश्किल पल को मजाक में बदल देने वाले ऋत्विक धनजानी इस बार खुद डर के बीच फंसे नजर आएंगे। दरअसल, ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले ऋत्विक किसी माचो इमेज में फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर मैं डरूंगा, तो वो दिखेगा भी। ऋत्विक ने अपने गेम प्लान, डर, स्टंट और मेडिटेशन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें आज भी ऊंचाई से डर लगता है। उन्होंने कहा, 'हाइट्स हमेशा से मेरे लिए थोड़ा ट्रिगर रही हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कैमरे के सामने ये दिखाएं कि मुझे किसी चीज से फर्क नहीं पड़ता। अगर डर है तो है। मैं उसे छिपाने वाला नहीं। मुझे लगता है लोग आज बहुत जल्दी नकली चीज पकड़ लेते हैं। इसलिए, मैं यहां कोई सुपरहीरो बनने नहीं आया हूं। मैं बस रियल रहना चाहता हूं। अगर किसी स्टंट में मेरी हालत खराब होगी, तो होगी। अगर मैं पैनिक करूंगा, तो वो भी दिखेगा।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वो इस शो के जरिए अपनी कोई इमेज बदलना या तोड़ना चाहते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, 'मैं कोई इमेज नहीं तोड़ना चाहता, क्योंकि सच कहूं तो मैंने कभी खुद को किसी इमेज में बांधा ही नहीं। लेकिन हां, लोग मुझे हमेशा हंसते हुए देखते हैं, मजाक करते हुए देखते हैं।

## अमीरों की चकाचौंध भरी जिंदगी में तांक-झांक!

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की चर्चित जोड़ी करण कुंद्र और तेजस्वी प्रकाश काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस चर्चित जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं। हाल ही में इन्हें 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में देखा गया था। अब ये दोनों दुबई पहुंचे हैं। वे यहां बड़े-बड़े लोगों की जिंदगी से जुड़ी चीजों को करीब से देख रहे हैं। ऐसा वे अपने नए रियलिटी शो 'देसी ब्लिंग' के कारण कर रहे हैं, जिसका मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। 'देसी ब्लिंग' एक रियलिटी शो है, जो नेटफ्लिक्स पर आएगा। आज सोमवार को ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म ने इसका ट्रेलर जारी किया है। इस शो में दरअसल, दुबई में रहने वाले अमीर भारतीयों को दिखाया जाएगा। उनकी लाइफस्टाइल, विचार और तौर-तरीके ट्रेलर के साथ ही इस शो की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। इसका प्रीमियर 20 मई से नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर जारी करते हुए लिखा है, 'बुर्ज खलीफा जितने बड़े ड्रामा के लिए खुद को तैयार रखें।



# कान फिल्म फेस्टिवल में छाईं आलिया सामने आई पहली झलक ...

**लॉस एंजिल्स।** कान फिल्म फेस्टिवल का आगाज मंगलवार को ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में दुनियाभर की सिनेमा और फैशन जगत की चर्चित हस्तियां शामिल होती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी यहां पहुंची हैं। कान फेस्टिवल से उनका एक लुक सामने आया है। आलिया भट्ट ने लाइट ग्रीन कलर का फ्लोरल कोर्सेट कैरी किया है, जो व्हाइट बॉलगाउन स्कर्ट सरीखा लग रहा है। आलिया का यह लुक बेहद रिफ्रेशिंग और स्टाइलिश है। एक्ट्रेस ने ग्लोबल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वे ग्लैमरस लुक में इतनी सहज और प्यारी लग रही हैं कि देखने वाले लोग तारीफें कर रहे हैं।आलिया ने व्हाइट बेस पर येलो, ग्रीन और ब्लू शेड वाले इस फ्लोरल लुक गाउन के साथ अपने हेयर स्टाइल को भी बेहद खास रखा है। उन्होंने हाईबन बनाया है। आलिया ने अपना लुक बेहद सिंपल रखा है। न उन्होंने गले में नेकलेस पहना है न कलाई पर कोई ब्रेसलेट या घड़ी। इसके बावजूद अपने दमदार अंदाज से उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा है। आलिया भट्ट का कान फेस्टिवल का यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और नेटिजंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक्ट्रेस को सकारात्मक रिएक्शंस मिल रहे हैं। यूजर्स उन्हें डिज्नी प्रिंसेस बुला रहे हैं।

### ये भारतीय स्टार्स आएंगे नजर



इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आने वाले भारतीय सितारों में आलिया भट्ट और तारा सुतारिया के अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, मौनी रॉय और करण जौहर के भी इस फेस्टिवल में पहुंचने की संभावनाएं हैं। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को 65वें कान क्रिटिक्स वीक के जूरी का अध्यक्ष भी बनाया गया है।

# लकड़बग्घा-2 की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक अंशुमन झा की फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' इस साल 79वें कान फिल्म फेस्टिवल के मार्चे दु फिल्म में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2' साल के आखिर में रिलीज से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने की तैयारी कर रही है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। 'लकड़बग्घा 2' भारत और इंडोनेशिया के बीच पहला आधिकारिक सह-निर्माण (को-प्रोडक्शन) है। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमन झा ने किया है। फिल्म में सनी पैंग, डैन चुपोंग, आदिल हुसैन, सारा-जेन डायस और अंशुमन झा ने भी अभिनय किया है। अंशुमन झा ने बताया, 'पहली फिल्म कुत्तों के प्यार पर आधारित थी। दूसरी फिल्म 'द मंकी बिजनेस' इसे बढ़ाकर सभी जानवरों तक ले जाती है।



जानवर इसलिए खत्म हो रहे हैं क्योंकि इंसानियत खत्म हो रही है। हम एक्शन को सिर्फ मार-पीट तक नहीं रखना चाहते, बल्कि इसमें गहराई और मकसद भी देना चाहते हैं।' अंशुमन झा की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म, जो 2023 की फिल्म का सीक्वल है, दिवाली 2026 पर नितेश तिवारी की 'रामायण भाग 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा।

## बॉम्बे स्टोरीज भी होगी प्रदर्शित

*मुंबई। कान फिल्म फेस्टिवल में मौनी रॉय शिरकत करने के लिए तैयार हैं। उनकी इंडो-अमेरिकन फिल्म 'बॉम्बे स्टोरीज' को समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। शाह काजमी द्वारा निर्देशित यह फिल्म सआदत हसन मंटो के उपन्यास पर 'बॉम्बे स्टोरीज' पर आधारित है। निर्देशक काजमी ने इस साल मार्चे डू फिल्म में फिल्म की स्क्रीनिंग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'इसे कान्स फिल्म मार्केट में प्रदर्शित किया जाएगा। 19 मई को कान्स से और ज्यादा जानकारी जारी की जाएगी। हम पोस्टर लॉन्च भी कर रहे हैं। यह एक सशक्त महिला-केंद्रित फिल्म है जिसमें एक संदेश है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के महानतम लेखकों में से एक द्वारा लिखित एक संकलन पर आधारित है।'निर्देशक ने कहा, "मेरी यात्रा 2016 में कान्स से शुरू हुई। जब हम मंटो की विभाजन संबंधी कहानियों पर आधारित फिल्म 'मंटोस्तान' (2017) बना रहे थे, तब मुझे इस फिल्म समारोह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सौभाग्य से, हमें कान्स में जगह मिली और इस मंच ने हमें काफी पहचान दिलाई है।" फिल्म में मौनी के अलावा, अनुप्रिया गोयनका और सुष्मिता सिंह भी अहम किरदार में हैं। इसकी कहानी शहर की सेक्स वर्करों की जिंदगी पर आधारित है।*

## दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और मेकर्स ने बनाई है अपनी अलग पहचान

# कान फिल्म फेस्टिवल में भारत का जलवा, रेड कार्पेट से अवॉर्ड तक का शानदार सफर

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में गिने जाने वाले कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का सफर बेहद खास रहा है। दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और फिल्ममेकर्स ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अलग पहचान बनाई है। कभी फिल्मों ने यहां तालियां बटोरीं, तो कभी भारतीय सितारों का रेड कार्पेट लुक चर्चा में रहा।*

### नीचा नगर बनी पहली भारतीय फिल्म




भारत ने पहली बार साल 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। नीचा नगर पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने कान में बड़ी सफलता हासिल की। फिल्म को उस समय फेस्टिवल का सबसे बड़ा सम्मान पाम डी ओर (तब ग्रैंड प्रिक्स) मिला था। यह भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का पल था।

### सत्यजीत रे ने बढ़ाया भारत का मान



इसके बाद धीरे-धीरे भारतीय फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी मजबूत करनी शुरू की। सत्यजीत रे की फिल्मों ने कान में भारत का नाम रोशन किया। उनकी कई फिल्मों को वहां सराहा गया और दुनियाभर के दर्शकों ने भारतीय कहानी कहने के अंदाज को पसंद किया।

### सलाम बॉम्बे ने बटोरी तारीफें

साल 1988 में 'सलाम बॉम्बे' ने कान में खूब तारीफें बटोरीं और कैमरा डी'ऑर अवॉर्ड जीता। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को नई पहचान दिलाई। वहीं , मीरा नायरभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गईं।



### भारतीय सितारों ने खींचा सबका ध्यान

कान फिल्म फेस्टिवल में सिर्फ फिल्में ही नहीं, भारतीय सितारों का फैशन और ग्लैमर भी हमेशा चर्चा में रहता है। ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर और प्रियंका चोपड़ा जैसे सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने शानदार अंदाज से दुनियाभर का ध्यान खींचा।

### जब भारत को कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया

साल 2022 भारत के लिए और भी खास रहा, जब भारत को कान फिल्म फेस्टिवल में कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया। उसी साल दीपिका पादुकोण को जूरी सदस्य बनने का मौका मिला, जो भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी उपलब्धि मानी गई।

### ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों का शानदार प्रदर्शन

हाल के वर्षों में ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों ने भी कान में शानदार प्रदर्शन किया और साबित किया कि भारतीय सिनेमा अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी कहानियां दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं। आज कान फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के लिए सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि दुनिया के सामने अपनी कला, संस्कृति और कहानियों को दिखाने का सबसे बड़ा अवसर बन चुका है।

## खबर संक्षेप

### 1010 वाहनों की जांच 351 के काटे चालान

**हिसार।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 1010 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 351 वाहन चालकों के चालान किए गए। इस विशेष गश्त एवं चेकिंग अभियान के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस का उद्देश्य है कि आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए तथा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का माहौल बनाए रखा जाए।

### महिला समर्पित टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**हिसार।** महिला समर्पित टीम द्वारा मंगलवार को गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी, ऋषि नगर, बस स्टैंड, छाजूराम लॉ कॉलेज में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीम के सदस्यों ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के महिला विरुद्ध अपराधों, जैसे छेड़छाड़, साइबर क्राइम, घरेलू हिंसा आदि के बारे में जानकारी दी तथा इनसे बचाव के उपाय भी बताए। इसके साथ ही, आपातकालीन स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नंबरों और कानूनी अधिकारों की जानकारी भी साझा की गई।

### बच्चों को दिखाई एक भारत श्रेष्ठ भारत की झलक

**हांसी।** पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मुल्तान कालोनी स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के दौरान केंद्र सरकार के कार्यक्रम सरदार पटेल एंड इंडियन इंटीग्रेशन के अंतर्गत विद्यार्थियों को भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का डिजिटल टूर करवाया गया। डिजिटल प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने देश की सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय एकता और आधुनिक भारत के गौरव को महसूस किया।

### छात्राओं को गुड टच-बैड टच की दी जानकारी

**हांसी।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान दौरान मंगलवार को वेलफेयर इंस्पेक्टर सरोज ने राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं व स्टाफ को साइबर क्राइम, गुड टच बैड टच व महिला विरुद्ध अपराधों प्रति जागरूक किया। कल्याण निरीक्षक सरोज ने राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं को सेल्फ डिफेंस, नशा मुक्ति, डायल 112 बारे जानकारी दी। स्कूल में उपस्थित सभी छात्राओं व स्टाफ मेंबर को डायल 112 ऐप का उचित प्रयोग करने बारे कहा गया ताकि मुसीबत के समय पुलिस की सहायता प्राप्त की जा सके। उन्होंने छात्राओं को आत्म रक्षा के तौर तरीके भी सिखाए गए व शारीरिक व मानसिक तौर पर मजबूत होने की सलाह दी।

### मॉडल सोलर विलेज योजना को लेकर हुई बैठक

**हिसार।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले में मॉडल सोलर विलेज विकसित करने को लेकर नगराधीश सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। नगराधीश ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का उद्देश्य गांवों को स्वच्छ और हरित ऊर्जा से जोड़ना है। इसके तहत गांवों में सौर ऊर्जा आधारित सुविधाओं को बढ़ावा देकर बिजली खर्च कम करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजना के तहत चयनित किए जाने वाले गांवों में सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं। बैठक में अवगत करवाया गया कि मॉडल सोलर विलेज योजना के अंतर्गत सोलर स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा आधारित जल पंप, सरकारी भवनों एवं सामाजिक संस्थानों पर सोलर संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा पीएम-कुसुम योजना और पीएम सूर्य घर योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को जोड़ने पर भी फोकस किया गया।

### जिले में एचएलबी सुल्तान सिंह ने सबसे पहले किया काम पूरा

# जनगणना के कार्य में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

देश में जनगणना करने का कार्य पूरे जोर-शोर से चल रहा है। जनगणना के कार्य में अध्यापकों को लगाया गया है। जिन कर्मचारियों ने समय पर अपने कार्य को पूरा नहीं किया उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नारनौल ब्लॉक में दो ट्रेनर और 36 सुपरवाइजर इस कार्य की सुपरविजन कर रहे हैं।

पहले दौर का कार्य एचएलबी सुल्तान सिंह ने पूरे जिले में सबसे पहले पूरा करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। जनगणना के कार्य करने में अलग-अलग गांव में कर्मचारी अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। कुछ कर्मचारियों का काम काफी धीमा चल रहा है इसको लेकर नायब तहसीलदार ने सभी सुपरवाइजर की एक मीटिंग ली। मीटिंग में साफ आदेश दिए कि जो भी कर्मचारी अपने काम को समय पर पूरा नहीं करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जो भी कर्मचारी फील्ड में जाता है और उसको वहां पर कोई समस्या होती है तो तुरंत उच्च अधिकारियों से संपर्क करें उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। लेकिन इस कार्य को 25 मई से पहले सभी को पूरा करना होगा। फील्ड ट्रेनर मुकेश कुमार और घीसा राम ने बताया कि सुपरवाइजर के काम की समीक्षा हो चुकी हैं। कुछ सुपरवाइजर कोताही बरत रहे हैं। उनको चेतावनी दी है कि जल्द अपने काम को पूरा करवाएं। एक सुपरवाइजर के अंडर पांच से छह अध्यापक काम कर रहे हैं। वह समय-समय पर उनकी समीक्षा करते रहें। मौके पर सुपरवाइजर ने कहा कि फील्ड में कुछ अध्यापकों को टेक्निकल समस्याएं आ रही है। जिसकी वजह से कार्य में देरी हो रही है।



नारनौंद। कर्मचारियों की बैठक लेते नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार।

#### अधिकारियों ने पीठ थपथपाई



हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) सुल्तान सिंह ने बताया कि उन्होंने ट्रेनिंग के समय हर कार्य को बारीकी से समझा था। इसलिए काम करने में कोई परेशानी नहीं हुई। पूरी मेहनत के साथ फील्ड में जाकर काम को पूरा किया है। इसके लिए अधिकारियों ने भी पीठ थपथपाई है।

#### ईमानदारी के साथ करें अपना काम

नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार ने बताया कि सभी अध्यापक जनगणना कार्य को पूरी ईमानदारी और तय समय में पूरा करें और 25 मई तक इस काम को पूरा करना है। फील्ड में जिस भी कर्मचारी को कोई समस्या आती है तो तुरंत इसकी सूचना अपने सीनियर को दें। उनकी समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा। कुछ कर्मचारियों का काम काफी धीमा चल रहा है। उनको चेतावनी दी गई है कि वह अपने कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें। जिले में सबसे पहले एचएलबी सुल्तान सिंह ने अपने कार्य को 10 दिन में ही पूरा कर दिया है। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।



हिसार। धंसी हुई सड़क दिखाते आरडब्ल्यूए पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

# सेक्टर-33 में दो जगह धंसी सीवरेज और बरसाती लाइन

- समस्या से अवगत कराने के बाद भी अधिकारी नहीं दिखा रहे गंभीरता : धर्मवीर पानू

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सेक्टर-33 आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मवीर पानू ने कहा कि सेक्टर में सीवरेज व बरसाती लाइनें 10 फुट तक दो स्थानों पर धंसी हुई है जिस कारण सेक्टर के मेनहोल ओवरफ्लो हो रहे हैं और गंदा पानी सड़कों पर खड़ा हो रहा है। पानू ने बताया कि लोगों द्वारा बार-बार सीवरेज ओवरफ्लो होने की शिकायत पर मंगलवार को वे एसटीपी का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां सीवरेज व बरसाती लाइन दो स्थानों से धंसी हुई थी।

महासचिव बलविंदर सिंह ने बताया कि इस बारे में पहले भी अधिकारियों को कई बार अवगत करवा चुके हैं।

उनका केवल एक ही रटा रटाया जवाब होता कि इनका टेंडर हो चुका है जल्दी ही इसको ठीक किया जाएगा। पिछले बार बरसात के मौसम में सेक्टरवासियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा था। सीवरेज एवं बरसाती मैनहोल ओवरफ्लो होने के कारण प्लाटों एवं घरों के पास लगभग तीन-तीन फुट पानी भर गया था।

#### जल्द सुधार की मांग

प्रधान धर्मवीर पानू ने बताया कि लोगों में पिछले हालातों को देखकर डर बना हुआ हुआ है कि कहीं इस बार भी व्यवस्था बदहाल न हो जाए। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द संज्ञान लेकर इन लाइनों को दुरुस्त करने की मांग की है।

# छात्रा चाहत को किया सम्मानित

- हरियाणा सुपर-100 में चयनित होने पर खंड शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कार देकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खांडाखेड़ी की 10वीं कक्षा की होनहार छात्रा चाहत का हरियाणा सुपर-100 में चयनित होने पर खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार यादव द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिशन बुनियाद में चयनित पांच विद्यार्थियों को भी पारितोषिक दिया गया। खांडा खेड़ी सरकारी स्कूल के विज्ञान अध्यापक राजकुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हरियाणा सुपर- 100 और मिशन बुनियाद प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए चलाई गई बहुत महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को नीट जेई मैंस की तैयारी करवाई जाती है। ताकि ग्रामीण अंचल के छात्र भी अच्छी प्रकार से तैयारी करके अपने भविष्य को चमकाने का काम करें। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य नरेश कुमार यादव जी वह अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



नारनौंद। प्रतियोगिक परीक्षा में विजेता रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

# बच्चों की दी स्वास्थ्यवर्धक भोजन की जानकारी

- नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

आरपीएस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को सातवीं व आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा स्वास्थ्यवर्धक भोजन को लेकर विशेष सभा का आयोजन किया गया। सभा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं प्रेरणादायक विचारों के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, नारों तथा प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से सभी को संतुलित भोजन के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने बताया कि आज के समय में बच्चे तले-भुने तथा बाहर के भोजन की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं, जिससे अनेक शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे में हरी सब्जियां, फल, दूध तथा पौष्टिक भोजन को दैनिक जीवन में अपनाना अत्यंत आवश्यक है।




हांसी। स्वास्थ्यवर्धक भोजन को लेकर आयोजित सेमिनार में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

#### सेहत जीवन की सबसे बड़ी पूंजी

विद्यालय की प्राचार्या एकता सचदेवा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को घर का बना ताज़ा एवं संतुलित भोजन ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय निदेशक संदीप देशवाल ने विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है।

# 8 विद्यार्थियों का आकाशवाणी में हुआ चयन

- गैरशिक्षक कर्मचारी मुकेश तंवर सीनियर उद्घोषक के पद पर हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के आठ विद्यार्थियों व विश्वविद्यालय के एक कर्मचारी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ऑल इंडिया रेडियो हिसार द्वारा हाल ही में हुए ऑडिशन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी व कर्मचारी अपनी आवाज की प्रतिभा दिखाते हुए युवा उद्घोषक के रूप में चयनित हुए हैं। चयनित विद्यार्थी एवं कर्मचारी विभाग के शिक्षक व मार्गदर्शक डॉ. मिहिर रंजन पात्रा के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम से मिले। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिश्नोई व विभागाध्यक्ष प्रो. योगेश चाबा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी चयनित विद्यार्थियों को विभाग के शिक्षक व मार्गदर्शक डॉ. मिहिर रंजन पात्र ने भी शुभकामनाएं दी। आकाशवाणी हिसार में आयोजित ऑडिशन के माध्यम से सीनियर अनाउंसर एवं यूथ कार्यक्रम के लिए अनाउंसर पद के लिए आवेदन मांगे गए थे। यूथ कार्यक्रम के लिए चयनित विद्यार्थियों में तनु बीए द्वितीय वर्ष, इशाना बीए प्रथम वर्ष, ईशान बीए तृतीय वर्ष, कोमल बीए तृतीय वर्ष, ऋतु एमए, निमिषा एमए, महक (पासआउट), सुधीर (पासआउट) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के गैरशिक्षक कर्मचारी मुकेश तंवर भी अपनी प्रतिभा दिखाते हुए सीनियर उद्घोषक के पद के लिए चयनित हुए हैं। गुजवि से ही अन्य विद्यार्थी अनमोल बीटेक, अपूर्वा बीएससी बीएड, हिंदी विभाग से शोधार्थी सौरभ, सुप्रिया तथा दिनेश भी सीनियर अनाउंसर के पद लिए चयनित हुए हैं।



हिसार। चयनित कर्मचारी मुकेश तंवर व चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो: हरिभूमि

# टेल पर नहीं पहुंचा पानी, किसान परेशान

- किसानों ने जताया रोष, खुद की माइनर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना

उकलाना माइनर 31250 की लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परेशान किसानों ने मंगलवार को स्वयं माइनर की सफाई अभियान चलाकर प्रशासन के प्रति रोष जताया। किसान धर्मेंद्र ने बताया कि माइनर की सफाई एवं मरम्मत को लेकर कई बार अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि माइनर में गाद व झाड़ियां जमा होने के कारण पानी खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा, जिससे फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।इस दौरान धर्मेंद्र, बलजीत, अशोक, रामपाल, जयवीर, कुलदीप, सोनू, अजय, मंजू, राजेश कुंडू सहित अनेक किसानों ने माइनर की सफाई करने का कार्य किया और प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग उठाई। किसानों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि माइनर की जल्द सफाई करवाई जाए तथा इसे दुरुस्त किया जाए ताकि टेल तक पानी सुचारू रूप से पहुंच सके और किसानों को राहत मिल सके।



उकलाना। माइनर की सफाई करते किसान। फोटो: हरिभूमि

### शहीद दीप सिंह संस्थान में मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

# नर्स स्नेहपूर्ण देखभाल से मरीज को प्रदान करती है नया जीवन : सिवाच

*कुशल नर्स वही है जो अपने ज्ञान के साथ अपनी संवेदनाओं को भी जीवित रखे*

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहीद बाबा दीप सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, अहरवां के प्रांगण में आज अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस एवं आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनूप सिंह संधू, वेटरनरी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर खन्ना एवं कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ. ममता चौधरी सहित तीनों संस्थानों का समस्त स्टाफ और नर्सिंग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच ने कहा कि नर्सिंग केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च धर्म है। उन्होंने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से कहा कि जिस प्रकार लेडी विद द लैंप ने विषम परिस्थितियों में भी घायलों की सेवा कर दुनिया को एक नई राह दिखाई, उसी प्रकार आपको भी अपने भीतर करुणा और निस्वार्थ सेवा का दीपक जलाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक चिकित्सक केवल बीमारी का इलाज करता है, लेकिन एक नर्स अपने स्नेह और देखभाल से मरीज को नया जीवन प्रदान करती है। डॉ. सिवाच ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, आज जब आप यह सफेद वर्दी धारण करते हैं, तो आप समाज के विश्वास के प्रतीक बन जाते हैं। चिकित्सा जगत में तकनीक चाहे कितनी भी प्रगति कर ले, लेकिन जो राहत एक नर्स के विनम्र व्यवहार और धैर्य से मिलती है, उसका कोई विकल्प नहीं है। आप सभी को अपने कार्य के प्रति अडिग रहना चाहिए।





फतेहाबाद। नर्सिंग डे पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. विरेन्द्र सिवाच व उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### नर्सिंग साहस व धैर्य का काम

नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनूप सिंह संधू ने विद्यार्थियों को कहा, नर्सिंग का पेशा साहस और धैर्य की परीक्षा है। आप केवल डिग्री हासिल नहीं कर रहे, बल्कि दूसरों के दुखों को हरने की क्षमता विकसित कर रहे हैं। याद रखें, एक कुशल नर्स वही है जो अपने ज्ञान के साथ-साथ अपनी संवेदनाओं को भी जीवित रखे। इस अवसर पर नर्सिंग के विद्यार्थियों ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल की शपथ लेते हुए यह संकल्प लिया कि वे बिना किसी भेदभाव के पीड़ित मानवता की सेवा करेंगे और अपने पेशे की गरिमा को सदैव बनाए रखेंगे। अंत में, संस्थान के प्रबंधन और शिक्षकों ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# लिंगानुपात में सुधार को सामूहिक प्रयास जरूरी



सिरसा। लिंगानुपात में सुधार को लेकर बैठक लेते नोडिल अधिकारी डॉ. संजय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला में लिंगानुपात की स्थिति में और सुधार लाने एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से मंगलवार को सीएचसी रानियां व उप स्वास्थ्य केंद्र बालासर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. संजय, एसएमओ डॉ. ओमप्रकाश, ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. डॉली लूथरा, मेडिकल ऑफिसर्स, एलएचवी एवं सीनियर एएनएम, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू-एम, आशा फैसिलिटेटर, सीएचसी रानियां के अंतर्गत कार्यरत आरएमपी, पंचायत सचिवों आदि ने भाग लिया। जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. संजय ने बैठक के दौरान गर्भवती महिलाओं के शीघ्र पंजीकरण, गर्भपात मामलों की रिवर्स ट्रैकिंग, पीसीपीएनडीटी एक्ट के क्रियान्वयन तथा गांव स्तर पर जनजागरूकता गतिविधियों को और अधिक मजबूत बनाने पर विशेष चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### गुजविः करियर काउंसलिंग में उमड़ी विद्यार्थियों की भीड़

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में हुई एक्सप्लोर यूअर फ्यूचर/ करियर काउंसलिंग 2026' कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। करियर काउंसलिंग सेल की निदेशिका डॉ. मोनिका सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन 200 से अधिक विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय पहुंचकर विभिन्न पाठ्यक्रमों, करियर संभावनाओं तथा उच्च शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। कार्यक्रम में पहुंचे विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागों का भ्रमण किया तथा शिक्षकों और विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर करियर से संबंधित सवालों के उत्तर प्राप्त किए।

### गुजवि में एमएससी व एमटेक में प्रवेश शुरू

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एमएससी (पर्यावरण विज्ञान) तथा एमटेक (पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आवेदन की अंतिम तिथि एक जून निर्धारित की गई है। विभागाध्यक्ष प्रो. आशा गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरण क्षेत्र तेजी से उभरता हुआ करियर विकल्प बन चुका है। यह कोर्स विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार, आकर्षक वेतन, शोध के अवसर तथा सरकारी एवं निजी क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य प्रदान करता है।

### मोदी सरकार हर मोर्चे पर असफल : खोवाल

**हिसार।** कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट हरियाणा के स्टेट चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि जिस सरकार ने दस वर्षों तक विश्वगुरु, अमृतकाल और मजबूत अर्थव्यवस्था के दावे किए आज वही सरकार जनता को त्याग और बचत का पाठ पढ़ा रही है। यह साबित करता है कि मोदी सरकार समाज, राजनीति, अर्थतंत्र और विदेश नीति हर मोर्चे पर पूरी तरह असफल साबित हुई है। खोवाल ने कहा कि आज देश में महंगाई चरम पर है, बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, युवाओं के हाथ खाली हैं, किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा और मध्यम वर्ग महंगे पेट्रोल, डीजल, गैस तथा रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों से परेशान है।

### नशा पीड़ितों को उपलब्ध करवाई दवा व काउंसलिंग

**हिसार।** नशा मुक्ति टीम द्वारा गांव कैमरी में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्रामवासियों, नशा पीड़तिं एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। टीम ने नशा पीड़ितों को नशा छोड़ने के लिए दवाई लेने व उपचार करवाने के लिए प्रेरित किया गया। टीम ने मंगलवार को जिला क्षेत्र में दो नशा पीड़ितों की पहचान कर उनको दवा उपलब्ध करवाई गईं तथा तीन नशा पीड़ितों को दूसरी बार दवाई दिलवाने के साथ-साथ उनके टेस्ट एवं काउंसलिंग भी करवाई गई।

### देवीराम को दो मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि

**हिसार।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट के दिवंगत नेता देवीराम की श्रद्धांजलि सभा में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। एसयूसीआई कम्युनिस्ट के पोलित ब्यूरो सदस्य सत्यवान ने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। गांव बडाला निवासी कामरेड देवी राम का 27 अप्रैल को देहावसान हो गया था। इस मौके पर एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव मेहर सिंह बांगड़, राजकुमार सारसा, हरीश कुमार सैनी, ईश्वर सिंह राठी, इन्द्र सिंह, हवासिंह संघर्ष, बलबीर सिंह, सुधीर कुमार, देवेन्द्र, सत्यवान बडाला, सुरेश कुमार बडाला, सोनू और महावीर सिंह समेत अनेक लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## डीसी ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# जल निकासी के प्रबंध समय से करें, नहीं सुना जाएगा कोई बहाना

- पिछले वर्ष अधिक जलभराव वाले इलाकों में अतिरिक्त प्रबंध करने को भी कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जल निकासी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते उपायुक्त महेंद्र पाल।

जिले में आगामी मॉनसून सीजन को देखते हुए उपायुक्त महेंद्र पाल ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जल निकासी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे किसी भी कार्य में ढिलाई न बरते, यदि किसी संसाधन या मशीनरी की आवश्यकता हो तो तुरंत अवगत करवाएं, बाद में किसी तरह का बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद, एसडीएम ज्योति मित्तल, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने विभिन्न स्थानों से होकर गुजरने वाली ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए समय रहते सभी ड्रेनेज सिस्टम की सफाई कर ली जाए। पंप सेटों को पूरी तरह चालू हालत में रखा जाए।

उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि जिन इलाकों में पिछले वर्ष अधिक जलभराव की समस्या सामने आई थी, वहां विशेष निगरानी रखते हुए अतिरिक्त प्रबंध किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को पुराने वर्षों के वर्षा आंकड़ों का अध्ययन कर उसी आधार पर प्रभावी योजना बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ड्रेनों और सीवरेज लाइनों की सफाई व्यवस्था रखने पर जोर दिया। उपायुक्त ने जलभराव संभावित क्षेत्रों का दौरा कर सफाई कार्य की वास्तविक स्थिति के आकलन के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे नालों में जमी गाद को पूर्ण रूप से हटवाएं तथा जल निकासी की क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक तकनीकी उपायों को प्राथमिकता के आधार पर लागू करना सुनिश्चित करें।

### फसल उत्पादन को बढ़ाने पर मंथन

**हिसार।** जिले में फल, सब्जियों एवं विभिन्न फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर नगराधीश सुभाष चंद्र ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में किसानों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देकर निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने पर जोर दिया गया।

बैठक के दौरान बागवानी एवं हॉर्टिकल्चर विभाग द्वारा अपनाई जा रही विभिन्न आधुनिक तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की गई। इनमें मशरूम उत्पादन, नेट हाउस फार्मिंग, हाइब्रिड सब्जी उत्पादन विधियां, स्ट्रॉबेरी एवं मिर्च उत्पादन सहित अन्य उन्नत कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस किया गया। नगराधीश सुभाष चंद्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण देकर नई तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसान आधुनिक खेती अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में तकनीक का सही उपयोग ही किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का आधार बनेगा। बैठक में कृषि विभाग के उपनिदेशक राजबीर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### भाविप ने निर्वाचित सरपंच जगत अग्रवाल को किया सम्मानित

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद शाखा आदमपुर द्वारा नव-निर्वाचित सरपंच जगत अग्रवाल के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर परिषद परिवार ने उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल ने कहा कि परिषद परिवार के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि उनके परिवार का एक सदस्य सरपंच के रूप में निर्वाचित हुआ है। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष राकेश मक्कड़, पूर्व अध्यक्ष चंद्र शेखर शर्मा,पूर्व अध्यक्ष कृष्ण दत्त धमीजा,पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंगला, पर्यावरण संयोजक विनोद गोयल, सह-सचिव मनोज बंसल, महेश विनोचा, सह-कोषाध्यक्ष महेश सिंगला, दीपक बंसल, वरिष्ठ सदस्य गुलशन खेत्रपाल, जोगेंद्र ऐलावादी, गौरव मेहता, सुधीर असीजा, गोविंद बंसल, मनोज गोयल, अशोक सोनी, पंकज ग्रोवर, महेश गर्ग, सुशील मित्तल, जितेंद्र गोयल, रमेश गर्ग आदि थे।



### साधकों ने शिविर में सीखे मन को शांत रखने के योगिक उपाय

**हिसार।** पतंजलि परिवार एवं भारत स्वाभिमान न्यास के ओर से सेक्टर-15 स्थित सिटीजन पार्क में चल रहे योग शिविर के दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ शिविर संयोजिका कमलेश सिहाग, उर्मिला रूहिल, आशा रानी, वीरेंद्र बडाला, कृष्ण निरंकारी तथा लीडिंग स्कूल के प्रिंसिपल विरेन्द्र पंघाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शिविर के दूसरे दिन भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार ने सभी योग साधकों को योगासन एवं प्राणायाम की बारीकियों का अभ्यास करवाया। साथ ही श्वसन एवं मेडिटेशन के माध्यम से शरीर को स्थिर तथा मन को शांत रखने के योगिक उपाय भी साधकों को सिखाए। उन्होंने कहा कि योग ही वह श्रेष्ठ माध्यम है, जिसके द्वारा कोशिका से लेकर सम्पूर्ण काया तक के रहस्यों को समझा जा सकता है। प्रवक्ता सुरेंद्र पानू हिंदुस्तानी ने बताया कि यह योग शिविर लगातार 5 दिनों तक संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर राजवीर बल्हारा, बलराम भादू, राकेश सहरावत, संतोष मिश्रा, डॉ. जयवीर रूहिल, लकी अरोड़ा, शकुंतला दूहन, सुदेश गांधी आदि मौजूद रहे।

### जिंदल स्टेनलेस हिसार को जीरो वेस्ट टू लैंडफिल प्रमाणन में प्लेटिनम प्लस रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस की हिसार इकाई को ज़ीरो वेस्ट टू लैंडफिल (ज़ेडडब्ल्यूटीएल) प्रमाणन में प्लेटिनम+ रेटिंग से सम्मानित किया गया है। यह प्रमाण पत्र ब्यूरो वेरिटास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सत्यापित किया गया है। यह उपलब्धि हिसार यूनिट की मजबूत कचरा प्रबंधन व्यवस्था और इकाई में अपशिष्ट की अलग-अलग श्रेणियों में बेहतर छंटाई, लैंडफिल में जाने वाले कचरे को कम करने तथा सस्टेनेबल कचरा प्रबंधन के तरीके अपनाने के प्रयासों को दर्शाती है। वित्त वर्ष 2024-25 की रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, इस इकाई ने 99.99 प्रतिशत का उत्कृष्ट वेस्ट डाइवर्जन रेट हासिल किया। यह उपलब्धि इस बात को दर्शाती है कि उत्पन्न हुए लगभग समस्त कचरे का प्रभावी रूप से पुनर्चक्रण, पुनः उपयोग अथवा पुनर्प्राप्ति किया गया, और बेहद नगण्य मात्रा ही लैंडफिल में भेजी गई।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस उपलब्धि के बारे में कहा कि जिंदल स्टेनलेस में पर्यावरण का ध्यान रखते हुए काम करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है। यह प्रमाणन दिखाता है कि हम लंबे समय से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रहे हैं। हिसार यूनिट के प्रमुख विजय बिंदलिश ने इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हिसार इकाई में 99.99 प्रतिशत अपशिष्ट डाइवर्जन दर हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि है।

### समाज को बदलने के लिए मानव को बदलना होगा : श्रेया भारती





**हिसार।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में भजन संध्या युग निर्माण का आयोजन किया गया। संस्थान के संस्थापक गुरुदेव आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी श्रेया भारती ने बताया कि यदि युग निर्माण करना है तो सबसे पहले मानव का निर्माण करना होगा। जब मानव बदलेगा तो ही विश्व बदलेगा। इस समाज की दशा बदलने के लिए मानव की दिशा की बदलनी होगी। मानव के हृदय धरातल पर चेतना की जाग्रति का बिगुल बजाना पड़ेगा और यही आंतरिक चेतना जाग्रति की क्रांति कहलाती है। युग निर्माण भजन संध्या में देश भक्ति के भजनों की गूंज से सिर्फ यूनिवर्सिटी को ही नहीं बल्कि पूरे हिसार को देश भक्ति के रंग में रंग दिया गया। साध्वी ने कहा कि राष्ट्र की सेवा के लिए आत्म उत्थान और अपनी आत्मा के साथ जुडऩा होगा, तभी निस्वार्थ भावना जन्म लेगी। करुणा, प्रेम, सौहार्द जीवन में आएगा। अपनी आत्मा को उस परमात्मा के साथ कनेक्ट करना होगा। क्योंकि आत्म तत्व ही हमारे अंदर निस्वार्थ भावनाओं को, प्रेम को, दया को और समझ को पैदा करता है।

### कर्मचारियों ने एक्सईएन कार्यालय पर दिया धरना

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की जनस्वास्थ्य विभाग की हिसार शहरी ब्रांच ने फील्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता मंडल नंबर 2 के कार्यालय के समक्ष मंगलवार को धरना दिया। धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान सुरेश डाबला ने की तथा संचालन सचिव इंद्रराज फौजी ने किया। ब्रांच सचिव इंद्रराज फौजी ने बताया कि धरना के दौरान कार्यकारी अभियंता ने लिखित पत्र के माध्यम से यूनियन शिष्टमंडल को बातचीत के लिए बुलाया। इस पर यूनियन शिष्टमंडल बातचीत के लिए कार्यकारी अभियंता कार्यालय पहुंचा। बातचीत में यूनियन शिष्टमंडल ने कर्मचारियों की मांगों को कार्यकारी अभियंता के समक्ष रखा। कार्यकारी अभियंता ने मांगों को जायज मानते हुए उन पर सहमति जताई और उनका जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि कार्यकारी अभियंता के आश्वासन के बाद यूनियन ने धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

### इंटक यूनियन की नारनौंद ब्लॉक की कार्यकारिणी भंग

**हिसार।** इंटक यूनियन जिला हिसार की ब्लॉक नारनौंद कार्यकारिणी का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर जिला अध्यक्ष जोरा सिंह पाबड़ा ने तत्काल प्रभाव से भंग करने की घोषणा की है। जोरा सिंह पाबड़ा ने कहा कि जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन कर समर्पित सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि इंटक यूनियन मजदूरों के हकों और अधिकारों की लड़ाई लगातार मजबूती से लड़ती रही है और आगे भी मजदूर हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।



### गुजवि की छात्रा मोनिका को मिला बेस्ट पेपर अवॉर्ड

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की शोधार्थी मोनिका अल्हान ने अपने शोध निर्देशक डॉ. सुरेश भाकर के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए '16वें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एक्सीलेंस इन रिसर्च एंड एजुकेशन' में बेस्ट पेपर अवॉर्ड प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भारतीय प्रबन्धन संस्थान इंदौर द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश से लगभग 170 शोधकर्ताओं एवं शिक्षाविदों ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। ऐसे उच्च स्तरीय वैश्विक शैक्षणिक मंच पर यह सम्मान प्राप्त करना विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट शोध परंपरा और अकादमिक गुणवत्ता का प्रमाण माना जा रहा है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने मोनिका अल्हान एवं डॉ. सुरेश भाकर को बधाई दी है। पुरस्कार प्राप्त शोध में आधुनिक डिजिटल कार्य-संस्कृति एवं उभरती तकनीकों के संदर्भ में कर्मचारियों के व्यवहार, विश्वास और तकनीकी स्वीकार्यता का गहन अध्ययन किया गया।

### विद्यार्थियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

**हिसार।** राजगढ़ रोड स्थित ठाकुर दास भार्गव सीनियर सैकेण्डरी मॉडल स्कूल में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें ब्रह्मकुमारीज की ओर से मुख्य वक्ता के रूप में मुकेश व अंजली ने शिरकत की। उनके साथ अशोक गांधी व अमन भी उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य दिनेश मेहता, अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पंचनद शोध संस्थान महिला आयाम की क्षेत्रीय बैठक

# बौद्धिक विचार के साथ नवाचार को दें बढ़ावा : कुठियाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



पंचनद शोध संस्थान (प्रज्ञा प्रवाह) क्षेत्रीय अभ्यास वर्ग महिला आयाम की बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई। महिला आयाम के प्रथम सत्र की बैठक 'पराधीनता से स्वाधीनता और स्वतंत्रता की ओर भारत-महिलाओं का योगदान' विषय पर आयोजित हुई जिसमें मुख्य प्रस्तोता पंचनद शोध संस्थान महिला आयाम प्रमुख डॉ. मुदिता वर्मा मौजूद रही।

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर डॉ. निष्ठा जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ऋषि गोयल द्वारा की गई। महिला आयाम का दूसरा सत्र 'बौद्धिक विमर्श- प्रक्रिया और परिणाम' विषय पर आयोजित किया गया जिसमें प्रस्तोता के तौर पर प्रज्ञा प्रवाह एवं पंचनद शोध संस्थान के अध्यक्ष प्रो. बीके कुठियाला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य ज्योति बैंदा ने की। डॉ. मुदिता वर्मा ने बताया कि भारत का स्वतंत्रता संग्राम केवल पुरुषों के साहस और बलिदान की कहानी नहीं है, बल्कि यह भारतीय महिलाओं के त्याग, संघर्ष और राष्ट्र प्रेम का भी स्वर्णिम इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि जब देश अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों में झगड़ा हुआ था तब भारतीय महिलाओं ने घर की चौखट पार कर स्वतंत्रता के आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। डॉ. वर्मा ने कहा कि स्वतंत्र भारत में भी महिलाओं का योगदान अमूल्य है।

द्वितीय सत्र के प्रस्तोता प्रो. बीके कुठियाला ने बौद्धिक विमर्श-प्रक्रिया एवं परिणाम विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि तर्क, ज्ञान, अनुभव और विचारों के आधार पर गंभीर चर्चा करना बौद्धिक विमर्श में शामिल है। यह केवल बहस नहीं होती, बल्कि सत्य की खोज, समस्याओं के समाधान और समाज के विकास का माध्यम होती हैं। उन्होंने बताया कि जब विभिन्न लोग अपने विचार साझा करते हैं तब नए दृष्टिकोण सामने आते हैं। यही बौद्धिक विमर्श की सबसे बड़ी विशेषता है। इस अवसर पर पंचनद शोध संस्थान प्रज्ञा प्रवाह हिसार के अध्यक्ष प्रो जगबीर सिंह, संरक्षक ज्ञानचंद बंसल व अलग-अलग राज्यों से महिलाओं ने भाग लिया।

## न्यूज डायरी




### सर्वाइकल कैंसर को लेकर निकाली जागरूकता रैली

**हिसार।** किरतान गांव में सर्वाइकल कैंसर को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई और लोगों को वैक्सीन की जानकारी दी। रैली का आयोजन सीएचसी आर्य नगर ने मेरा युवा भारत केन्द्र हिसार एव संस्कार वैली पब्लिक स्कूल व आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान के सहयोग किया। इस मौके पर क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य ने हरि झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस मौके पर डॉ फतेह सिंह ने बताया कि सवाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए वैक्सीन अत्यंत प्रभावी है। सीएचसी स्वास्थ्य केंद्र द्वारा मुफ्त में यह वैक्सीन लगाई जा रही है। इस मौके पर डॉ मुकेश कुमार, सुलोचना, कुसुम, आशा वर्कर राम कला, सुमन लता, पूनम, सुमन देवी, मनजीत, प्रोमिल आर्य, अनीता, खुशबू, भावना, वर्षा आदि मौजूद थे।



### सुखदेवानंद महाराज ने शुरू किया अग्नि तप

हिसार। सेवार्थ अखाड़ा हिंदवान में श्री श्री 1008 ओमानंद जी महाराज की पुण्य स्मृति एवं विश्व कल्याण की कामना को लेकर महंत सुखदेवानंद गिरि द्वारा 31 दिवसीय मौनव्रत, उपवास एवं अग्नि तप साधना आरंभ की गई है। यह विशेष तपस्या 8 मई से प्रारंभ हुई जो आगामी 8 जून तक चलेगी तथा समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महंत सुखदेवानंद गिरि पिछले कई वर्षों से जेठ माह में तपस्या करते आ रहे हैं। इस दौरान वे अग्नि के धूने के बीच रहकर उपवास एवं मौन साधना करते हैं। अखाड़ा के सक्रिय सदस्य एडवोकेट विनोद गुरी ने बताया कि 8 जून को मौन समाधि पूर्ण होने पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं का मानना है कि उनकी यह तपस्या समाज में सुख-शांति, भाईचारे और विश्व कल्याण का संदेश देती है।



### सभी को प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान होना जरूरी

**हिसार।** आपात परिस्थितियों में पीड़ति व्यक्ति की जान बचाने के उद्देश्य से हिसार रोडीज साइक्लिंग क्लब द्वारा आधार अस्पताल में जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. रमेश्वर लोढ़ा ने सड़क हादसे, अचानक बेहोशी, श्वास रुकने, हृदय गति थमने तथा अन्य गंभीर परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार प्रदान करने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान सदस्यों को हृदय गति रुकने की स्थिति में छाती पर दबाव देने की प्रक्रिया, श्वास एवं नाड़ी की जांच करने, घायल व्यक्ति को सुरक्षित अवस्था में रखने तथा चिकित्सकीय सहायता पहुंचने तक आवश्यक सहयोग उपलब्ध करवाने के व्यावहारिक तरीके भी सिखाए। कार्यक्रम में डॉ. अरुण अग्रवाल, शशि, दीपक, मनोज गुप्ता, कपिल ऋषि, आशीष, मनीष, ललित, सुभाष, पवन, रमन, प्रतुषा, पुलकित एवं आनंद विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### खिलाड़ी शौर्य प्रताप सिंह व युग दहिया सम्मानित

**हिसार।** हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप बैडमिंटन नर्सरी, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम हिसार के खिलाड़ी शौर्य प्रताप सिंह व युग दहिया ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) द्वारा आयोजित नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम इवेंट में कांस्य पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता हाल ही में दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित हुई थी। हरियाणा की टीम ने प्रतियोगिता में दिल्ली, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, झारखंड, आईबीएसओ और केवीएस जैसी मजबूत टीमों को पराजित कर सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। सेमीफाइनल में हरियाणा की टीम को हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद टीम ने दमदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक हासिल किया। शौर्य प्रताप सिंह व युग दहिया खिलाड़ियों को मंगलवार को विद्युत नगर बैडमिंटन हॉल में बिजली निगम के चीफ इंजीनियर कृष्ण स्वरूप ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि बैडमिंटन नर्सरी के कोच व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेंद्र कुमार व वीरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की है।



### नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ : प्रो. राणा

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नर्सिंग सेवा के महत्व को दर्शाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. संदीप राणा ने अपने संबोधन में कहा कि नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होता है। नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि मानव सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। विभागाध्यक्ष प्रो. सुमित्रा सिंह ने कहा कि नर्सिंग सेवा मानवता की सबसे महान सेवाओं में से एक है। प्राचार्या संतोष हुड्डा ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि नर्सिंग सेवा मानवता, करुणा एवं समर्पण का प्रतीक है तथा समाज में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उप-प्राचार्या डॉ. शिखा पाहूजा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य पर रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता सहित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रिया, वैदेही एवं खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में नेहा धारीवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया।



### नर्स स्वास्थ्य सेवा की मज़बूत आधारशिला : डॉ. वत्स

**हिसार।** महाराजा अग्रसेन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में 'अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस' के अवसर पर भव्य कार्यक्रम हुआ। इस दौरान नर्सिंग विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और सेवा भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के ओपीडी क्षेत्र में रंगोली, पोस्टर मेकिंग व मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता हुई। इन कलाकृतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जागरूकता और नर्सिंग पेशे की महत्ता को दर्शाया। इस समारोह में पूर्व सांसद जनरल डॉ. डी.पी. वत्स ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ संयुक्त सचिव आर.सी. गुप्ता, महाविद्यालय निदेशक डॉ अलका छाबड़ा व चिकित्सा अधिक्षक डॉ राजीव चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जनरल डी.पी. वत्स ने नर्सों को स्वास्थ्य सेवा की मजबूत आधारशिला बताया। इस दौरान प्राचार्या डॉ प्रोमिला पांडे, डॉ पूनम शर्मा, ललिता, इशिता, नीलम, आशू, आशा, अभिलाष सहित नर्सिंग स्टाफ व अधिकारी थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005